**समाचार**

**लोक सुराज शिविर**

**प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित हुआ शिविर**

**(महापौर, आयुक्त ने शिविर में पहुंचकर जानी लोगों की समस्याएं)**




कोरबा 14 अप्रैल 2015–लोक सुराज अभियान के तहत आज प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में नगर पालिक निगम कोरबा तथा जिले के अन्य विभागों के द्वारा शिविर आयोजित किया गया, शिविर में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए शिविर में पहुंच लोगों की समस्याओं की जानकारी ली।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के सम्पूर्ण जिलों के साथ–साथ कोरबा जिले में भी कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले के कुशल मार्गदर्शन में लोक सुराज अभियान के तहत शिविरों के आयोजन का शुभारंभ आज किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 02 स्थित प्रिर्यदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आज शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान शिविर में पहुंचे आमनागरिकों ने विभिन्न सेवाओं एवं कार्यो से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु अपने आवेदन प्रस्तुत किये। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने शिविर में पहुंचकर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमनागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने शिविर में घूम–घूमकर लोगों से भेंट की एवं उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने एवं अन्य प्राप्त आवेदनों को पंजीबद्ध कर उन पर समुचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए आवेदन**– आयोजित शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों एवं जिले के विविध विभागों के कार्यो से संबंधित समस्याओं के आवेदन आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम के राजस्व विभाग से संबंधित 24, निगम के विद्युत विभाग से संबंधित 02, सिविल विभाग से संबंधित 05, स्वच्छता विभाग से संबंधित 01, जलप्रदाय विभाग से संबंधित 02, जलकर एवं भागीरथी नलजल योजना से 02 तथा जिले के खाद्य विभाग से संबंधित 07, जिला शहरी विकास अभिकरण से संबंधित 09, विद्युत वितरण कंपनी से संबंधित 05, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 01 एवं महिला व बाल विकास विभाग से संबंधित 01 आवेदन पत्र शिविर में पंजीबद्ध किये गये।

शिविर में निगम के नेता प्रतिपक्ष योगेश जैन, वार्ड क्र. 02 के पार्षद विकास अग्रवाल, कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, मंगल बुधिया, निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त सुमन खरे, जोन कमिश्नर एम.एन. सरकार, कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, राजस्व अधिकारी एन.एस. करपे, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, ए.आर. वर्मन, लीलाधर पटेल, राकेश मसीह आदि के साथ जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।